साप्ताहिक
RNI. No. UPHIN/2010/36806
# केशरी दर्पण
www.kesharidarpan.com
शख्सियत/प्रमुखता
www.kesharidarpan.com
सम्पादकः सुभाष चन्द
मो. 9837749557
सच्चाई सामने होगी
वर्षः16, अंकः 21 | E-mail: subhashchand4@gmail.com | बागपत, सोमवार, 01 से 07 जून 2026 | (पृष्ठः4) मूल्य 3 रुपया.

## 'मन की बात' 134वें संस्करण में प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता का विशेष उल्लेख किया गया

**अनुष्का कश्यप/एजेंसी, नई दिल्ली।** 'मन की बात' 134वें संस्करण में प्रधानमंत्री ने रांची में आयोजित राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता का विशेष उल्लेख किया। राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में चार राष्ट्रीय रिकार्ड बनने को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नए आत्मविश्वासी और आकांक्षी भारत का प्रतीक बताया। उन्होंने खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि देश के युवा अब सिर्फ भागीदारी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि एक-दूसरे के रिकार्ड तोड़कर कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। यह भारतीय खेलों के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है।

उन्होंने बताया कि गुरिंदरवीर सिंह, विशाल टीके, तेजस्विन शंकर, देव मीणा और कुलदीप कुमार जैसे खिलाड़ियों ने कीर्तिमान स्थापित कर देश को गौरवान्वित किया है।

पुरुषों की सौ मीटर दौड़ का खास जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि यह स्पर्धा देश में चर्चा का विषय बनी हुई है। महज दो दिनों के भीतर राष्ट्रीय रिकार्ड तीन बार टूटा। यह उपलब्धि गुरिंदरवीर सिंह और अनिमेष कुजूर ने हासिल की। प्रधानमंत्री ने दोनों खिलाड़ियों से बातचीत भी की और उनके संघर्ष, तैयारियों तथा उपलब्धियों के बारे में जाना।

प्रधानमंत्री ने हाल ही में नीदरलैंड्स की ओर से भारत को लौटाई गईं चोल कालीन ताम्रपट्टिकाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि लोगों में इन को लेकर काफी जिज्ञासा है। 21 बड़ी और तीन छोटी ताम्रपट्टिकाओं में चोल साम्राज्य के इतिहास, उसकी सामुद्रिक शक्ति तथा दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों से संबंधों का उल्लेख है। इनमें राजा राजेंद्र चोल प्रथम द्वारा एक बौद्ध विहार को गांव दान करने का भी विवरण है।

मोदी ने विज्ञान के प्रति युवाओं की बढ़ती रुचि की चर्चा करते हुए बताया कि बेंगलुरु एस्ट्रोनामिकल सोसायटी, एस्ट्रो केरल और राजकोट के बिग बैंग एस्ट्रोनामी क्लब जैसे संगठन ग्रामीण क्षेत्रों में खगोल विज्ञान को लोकप्रिय बना रहे हैं। युवा दूरबीन बनाना, तारामंडल की पहचान के साथ आकाशीय घटनाओं का अध्ययन करना सीख रहे हैं।

## फीस की जानकारी वाला आवेदन विभागों-संस्थाओं के बीच घूमता रहा नहीं मिली जानकारी

**विशाल कश्यप/एजेंसी, नई दिल्ली।** देशभर में न्यायालयों में जमा होने वाली कोर्ट फीस की जानकारी मांगने वाला एक आरटीआइ आवेदन चार विभागों और संस्थाओं के बीच घूमता रहा लेकिन जानकारी नहीं मिल सकी। इस पर केंद्रीय सूचना आयोग ने कानून मंत्रालय के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और नए सिरे से जवाब देने का निर्देश दिया है। आरटीआइ के तहत आवेदक ने देशभर में न्यायिक कोर्ट फीस और ई-कोर्ट फीस से होने वाली वार्षिक वसूली, एक जून 2014 से अब तक राज्यवार संग्रह तथा इस राशि के उपयोग और आवंटन से जुड़ी जानकारी मांगी थी।

आयोग के आदेश के अनुसार, आवेदन सबसे पहले कानून एवं न्याय मंत्रालय के विधि कार्य विभाग के पास दाखिल किया गया था।

वहां से इसे वित्तीय सेवा विभाग फिर उसके संस्थागत वित्त-1 प्रभाग, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम और अंततः स्टॉक होल्डिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड को भेज दिया गया।

संस्थागत वित्त-1 प्रभाग ने कहा कि मांगी गई जानकारी उसके पास उपलब्ध नहीं है, जबकि आइएफसीआइ ने इसे एसएचसीआइएल से संबंधित बताते हुए आवेदन वहां भेज दिया। एसएचसीआइएल ने उन 16 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में ई-कोर्ट फीस संग्रह का विवरण दिया, जहां वह ई-कोर्ट सेवाएं संचालित करता है।

## सीबीएससी ने ऑन मार्क पोर्टल में कमियों को ठीक किया

**सपना कश्यप/एजेंसी, नई दिल्ली।** सीबीएससी 12वीं बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के डाटा ब्रीच के मामले का नया घमासान सामने आ गया है। उत्तर पुस्तिकाओं का डाटा पब्लिक डोमेन में उपलब्ध होने की बात अब तक नकार रही सीबीएसई ने रविवार को आखिरकार अपने सर्विस प्रोवाइडर के आन मार्क पोर्टल में साइबर सुरक्षा से जुड़ी खामियों को स्वीकार किया। ऑन मार्क पोर्टल एक ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम है जिसका इस्तेमाल इस साल 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं को जांचने के लिए किया गया था।

सीबीएससी ने ऑन मार्क पोर्टल में पहचान की गई कमियों को ठीक कर लिया गया है और अन्य संभावित कमजोरियों की जांच कर इन्हें दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। 12वीं की बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के डाटा हैक होने के दावों के बाद रविवार को इसमें कमियों की बात स्वीकार करते हुए यह सफाई दी।

**केशरी दर्पण समाचार पत्र के पत्रकार बने**

भारत के किसी भी जनपद, तहसील या थाना क्षेत्र में केशरी दर्पण समाचार पत्र के पत्रकार बनने के लिए संपर्क करें। आप केशरी दर्पण समाचार पत्र की वेबसाइट से भी के माध्यम से भी पत्रकार बन सकते हैं। समाचार पत्र की वेबसाइट पर अपना रजिस्ट्रेशन करें लॉगिन करें आप स्वयं केसरी दर्पण समाचार पत्र की वेबसाइट पर समाचार फोटो आदि भी अपलोड कर सकते हैं। सोनीपत जनपद में श्रीमती अंजू देवी पत्नि श्री कृष्ण पाल, सोनीपत मो. 9416957607

निवेदक-सुभाष चंद, संपादक, केशरी दर्पण ( हिंदी साप्ताहिक ) 9837749557

www.kesharidarpan.com

सीबीएससी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि हम अपने सर्विस प्रोवाइडर के ऑनमार्क पोर्टल में उन कमियों पर करीब से नजर रख रहे हैं, जिन्हें पब्लिक डोमेन में उजागर किया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों में सरकार के अलग-अलग विभागों और कई आईआईटी से साइबर सिक्योरिटी प्रोफेशनल्स की एक एक्सपर्ट टीम को इन सिस्टम्स को मजबूत बनाने के लिए लगाया गया है। इसमें इन सिस्टम्स को ज्यादा सुरक्षित सेटअप पर ले जाना भी शामिल है। जिन कमजोरियों की पहचान की गई थी, उन्हें ठीक कर दिया गया है और दूसरी ऐसी कमजोरियों की भी जांच की जा रही है। पिछले कुछ दिनों से उत्तर पुस्तिकाओं के डाटा ब्रीच होने के कुछ साइबर विशेषज्ञों तथा छात्रों के दावे को नकारते आ रहे है।

## तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी पर पश्चिम बंगाल के सोनारपुर में हमला

**विशाल कश्यप/एजेंसी,नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी पर पश्चिम बंगाल के सोनारपुर में हमला हुआ था। इस हमले के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी टीएमसी के साथ खड़े नजर आए। राहुल गांधी के समर्थन पर अभिषेक बनर्जी ने आभार जताया है। कांग्रेस से समर्थन मिलने पर अभिषेक बनर्जी ने कहा कि इंडी गठबंधन लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगा।

राहुल गांधी के सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए अभिषेक बनर्जी ने खुद को राज्य प्रायोजित आतंक का शिकार बताया और भाजपा पर राजनीतिक हिंसा और डराने-धमकाने की राजनीति करने का आरोप लगाया। अभिषेक बनर्जी ने एक्स पर लिखा कि राहुल जी, आपके समर्थन और चिंता के लिए, धन्यवाद। हम भारत की आत्मा, लोकतांत्रिक संस्थाओं और संविधान में निहित मूल्यों की रक्षा के लिए एकजुट और दृढ़ हैं।

पिछले साल ऑपरेशन सिंदूर के तहत मैं पांच देशों में भारत का प्रतिनिधित्व करने गया था और आतंकवाद के खिलाफ देश के पक्ष में मजबूती से खड़ा रहा। अभिषेक बनर्जी ने आगे लिखा कि आज मैं उन लोगों द्वारा फैलाए गए राजनीतिक हिंसा और राज्य प्रायोजित आतंक का शिकार हूं, जो खुद को राष्ट्रवाद का रक्षक बताते हैं। भाजपा की यही सच्चाई है। अगर आप उनका समर्थन करते हैं तो देशभक्त कहलाते हैं, सवाल उठाने पर निशाना बना दिए जाते हैं।

वह सिद्धांतों से समझौता कर आराम की जिंदगी जीने के बजाय लोकतंत्र की रक्षा करते हुए डर और धमकियों का सामना करना पसंद करेंगे। अभिषेक बनर्जी ने लिखा कि सत्ता अस्थायी होती है, लेकिन जनता की इच्छा स्थायी होती है। मैं सिर्फ जनता के सामने झुकूंगा, हम लोकतंत्र को कमजोर करने और देश को बांटने वाली ताकतों के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखेंगे।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले की कड़ी निंदा की थी। उन्होंने इसे भाजपा की बदले की राजनीति का घिनौना उदाहरण बताया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि सोनारपुर में सांसद अभिषेक बनर्जी पर हमला बेहद निंदनीय है। किसी सांसद पर हमला सिर्फ एक व्यक्ति पर हमला नहीं, बल्कि उन लोगों और लोकतंत्र पर हमला है जिन्होंने उन्हें चुना है।

सांसद अभिषेक बनर्जी शनिवार को दक्षिण 24 परगना जिले में संजू कर्मकार के परिवार से मिलने पहुंचे थे। आरोप है कि संजू कर्मकार की हत्या भाजपा समर्थित बदमाशों ने पोस्ट-पोल हिंसा में की थी। इसी दौरान कुछ अज्ञात लोगों ने अभिषेक बनर्जी के काफिले पर पथराव किया। लोगों ने अभिषेक बनर्जी पर जूते-चप्पल और अंडे फेंके।

पुलिस के मुताबिक हमलावर नारेबाजी करते हुए उनके करीब पहुंचने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस सुरक्षा में वहां से निकाला गया। उस समय वह पुलिस का हेलमेट पहने हुए थे और उनकी शर्ट फटी हुई दिखाई दी।

## भारतीय नौसेना राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह सतर्क और सक्रिय

**विशाल कश्यप/एजेंसी,नई दिल्ली।** रविवार को भारतीय नौसेना के नए प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाल लिया। एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी का स्थान लिया है, जो सेवानिवृत्त हो गए हैं। नौसेना प्रमुख बनने से पहले एडमिरल स्वामीनाथन पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में सेवारत थे।

एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने कहा कि युद्ध क्षमता को बढ़ाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। चुनौतीपूर्ण और अप्रत्याशित सुरक्षा माहौल में तत्परता कार्यभार संभालने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए नए नौसेना प्रमुख ने मौजूदा क्षेत्रीय सुरक्षा वातावरण को चुनौतीपूर्ण, जटिल और अप्रत्याशित बताया। भारतीय नौसेना के नए प्रमुख ने स्पष्ट किया कि देश के सुरक्षा और आर्थिक हितों की रक्षा के लिए %उच्चतम परिचालन तैयारी और युद्ध प्रभावशीलता को बनाए रखना उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी।

भारतीय नौसेना राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह सतर्क और सक्रिय रूप से तैनात है। एडमिरल स्वामीनाथन ने नौसेना की क्षमताओं को बढ़ाने और आधुनिक तकनीकों को शामिल करने पर विशेष जोर दिया। नए नौसेना प्रमुख ने बताया, हमारा लक्ष्य नौसेना के विकास की गति को बनाए रखना, मौजूदा कार्यक्रमों को मजबूत करना और उभरती प्रौद्योगिकियों के माध्यम से परिचालन क्षमताओं को धार देना है।

उन्होंने संयुक्तता और आत्मनिर्भरता के प्रति नौसेना की प्रतिबद्धता को भी दोहराया। एडमिरल स्वामीनाथन एक जुलाई 1987 को नौसेना में शामिल हुए। वह संचार और इलेक्ट्रानिक युद्ध विशेषज्ञ हैं।

# कूलर मरम्मत के एवज में मांगे 500 रुपये, चंद्रपाल कश्यप को मिली मोत व परिजनों को 5 लाख का मुआवजा व आश्वासन



मंत्री केपी मलिक, सांसद डॉ राजकुमार सांगवान, जिलाधिकारी, पुलिस अध्यक्ष व अन्य अधिकारी हिलवाड़ी पहुँच 5 लाख का चेक पीड़ित परिवार को देते हुए



मर्तक चंद्रपाल कश्यप की 6 साल की बेटी दिव्या कश्यप बड़ौत थाने में पिता को इंसाफ दिलाने धरने पर बैठी



मंत्री केपी मलिक, सांसद डॉ राजकुमार सांगवान, जिलाधिकारी, पुलिस अध्यक्ष हिलवाड़ी पहुँच परिवार को सांत्वना देते हुए







**बागपत कांग्रेस जिलाध्यक्ष लव कश्यप, आशु पंडित, श्री ओम कश्यप, रण कौशल कश्यप, अनुज कश्यप, पवन कश्यप, आदि एडिशनल एसपी से न्याय की मांग करते हुए, रात्रि में ही पुलिस रिपोर्ट मोबाइल की लाइट में लिखते हुए,थाना प्रभारी से ऑफिस में बैठकर न्याय की मांग करते हुए**











पूर्व मंत्री हाजी तराबुद्दीन व एमएलसी किरणपाल कश्यप समाजवादी पार्टी ने भी हिलवाड़ी पहुंच दिलासा दी

**नितिन कुमार सिंह, बागपत।** थाना बड़ौत क्षेत्र के ग्राम हिलबाड़ी में 25 मई को मृतक चन्द्रापाल कश्यप की हत्या गांव के ही दबंग लोगो ने गांव के तालाब पर बुला पीट व गर्दन तोड़ कर हत्या कर दी थी। जैसे ही **बागपत कांग्रेस जिलाध्यक्ष लव कश्यप** को इसका पता चला तुरंत पीड़ित परिवार से मिलने साथियो सहित बड़ौत थाने पहुंचे और रात्रि लगभग बारह बजे तक पुलिस थाने में ही डटे रहे।

**मर्तक चंद्रपाल कश्यप की 6 महीने की बेटी दिव्या कश्यप** भी पुलिस थाने की टेबल पर रोती बिलखती रही। मृतक अपने पीछे पत्नी काजल कश्यप एवं छह माह की पुत्री दिव्या को छोड़ गए हैं। काजल के मायका में में भी कोई नहीं है।

रविवार को गांव हिलबाड़ी पहुंचकर **राज्य मंत्री केपी मलिक, बागपत सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान, जिलाधिकारी अस्मिता लाल, पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय एवं एसडीएम बड़ौत भावना सिंह ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की तथा मृतक के परिजन को 5 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की।**

जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने परिवार को भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में शासन एवं प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ उनके साथ खड़ा है तथा हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मृतक परिवार को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही भी की गईं। एसडीएम बड़ौत भावना सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने हेतु संस्तुति की गई, पारिवारिक सहायता लाभ हेतु आवेदन की कार्यवाही कराई गई, अन्त्योदय राशन कार्ड बनाए जाने हेतु ग्राम प्रधान द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया,विधवा पेंशन योजना के अंतर्गत लाभ दिलाने हेतु आवश्यक प्रक्रिया प्रारंभ की गई।

उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने मृतक के प्रति गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए परिवारजनों का मनोबल बढ़ाया तथा उन्हें न्याय एवं प्रशासनिक सहयोग का भरोसा दिलाया।

बताया जाता है कि 25 मई को सायं लगभग चार बजे गांव के ही कुछ दबंग लोगो ने एक 25 वर्षीय इलेक्ट्रीशियन चंद्रपाल कश्यप निवासी हिलवाड़ी की निर्मम हत्या ईंटो से पीट व गर्दन तोड़ गांव के तालाब पर बुलाकर कर दी गयी थी।

26 मई को पोस्टमार्टम के बाद जब चंद्रपाल कश्यप का शव गांव पहुंचा, तो स्वजन का रो रो कर बुरा हाल था। आंखों से आंसू नहीं रुक रहे थे। शव को गांव के एक कोल्हू पर रखा गया और स्वजन ने रो-रोकर कहा कि जब तक न्याय नहीं मिलता हम अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। भीषण गर्मी में चंद्रपाल की पत्नी कागज, मां माया, भाई नीटू समेत दूसरे स्वजन के अंदर गुस्सा नहीं, दर्द था।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष्य लव कश्यप, अन्य पार्टियों के नेता, सर्व समाज गांव हिलवाड़ी के लोग, समाजसेवी सुभाष चंद कश्यप, राहुल कश्यप, श्रीओम कश्यप, कश्यप समाज के नेता व समाजसेवी सहित तमाम लोग हिलवाड़ी में मर्तक चंद्रपाल को इंसाफ दिलाने पहुँच गए। एसडीएम भावना सिंह व सीओ अंशु जैन भी भारी पुलिस फोर्स व पीएसी के साथ पहुँच गए।

मर्तक चंद्रपाल कश्यप की लगभग छह महीने की मासूम बच्ची को एसडीएम भावना सिंह भी अपनी गोद में लिए बैठी दुख बांट रही थी। बच्चे रो रहे थे, मां माया के हाथ कांप रहे थे। उनकी आंखों में सिर्फ सवाल था क्या मेरे बेटे की जान का कोई मोल नहीं? लोग कह रहे थे कि पीड़ित परिवार को 50 लाख आर्थिक सहायता तत्काल दिलवाये।

पुलिस प्रशासन ने सभी मांग तुरंत मान ली। परन्तु पीड़ित लोग जिलाधिकारी को बुलाने की मांग कह रहे थे। पीड़ित लोग भड़के और शव को हाइवे की तरफ लेकर भागे जिन्हे पुलिस ने रोक दिया। परन्तु कुछ लोग हाइवे पर जा पहुंचे। जिन्हे पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर अक्षरधाम दिल्ली देहरादून हाइवे से उतारा।

लोगो का कहना था कि जिलाधिकारी से फोन कर पीड़ित लोगो की वार्ता भी करा देते तो स्थिति न बिगड़ती। लगभग दोपहर 1 बजे मर्तक चंदरपाल कश्यप का अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस ने कुछ नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ थाना बड़ौत में हाइवे पर जाने का मुकदमा कर दिया। एक आरोपी रविंद्र को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी थी। अगले दिन दूसरे आरोपी बबलू को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बताया जाता है कि हिलवाड़ी गांव में कूलर की मरम्मत करने के एवज में मांगे 500 रुपये को लेकर सोमवार को शाम लगभग पांच बजे इलेक्ट्रिशियन चंद्रपाल कश्यप की हत्या कर दी गई थी। उसके भाई नीटू ने गांव के ही बबलू व रविंद्र के अलावा दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

मंगलवार सुबह लगभग सात बजे पोस्टमार्टम के बाद स्वजन चंद्रपाल के शव को लेकर गांव पहुंचे और धर्मवीर कश्यप के कोल्हू पर रख दिया। कुछ ही देर में वहां जमा भीड़ आरोपितों के घरों पर बुलडोजर चलवाने, एनकाउंटर करने समेत पांच मांग करने लगी। सूचना के बाद एसडीएम भावना सिंह, सीओ अंशु जैन, बिनौली, दोघट, रमाला और छपरौली थाना पुलिस के साथ मौके पर पहुंचीं। दोनों अधिकारियों ने पीड़ित लोगों को हरसंभव मदद कराने का आश्वासन देते हुए आरोपित रविंद्र की गिरफ्तारी की बात बताई, लेकिन लोग पांचों मांगें पूरी होने के बाद ही अंतिम संस्कार पर अड़े थे।

इसी बीच महिला और पुरुष चंद्रपाल के शव को लेकर दिल्ली-देहरादून इकोनामिक कारिडोर की ओर चल दिए, पुलिस ने उन्हें रोका। .खींचतान में बीच पुलिस ने शव को कारिडोर पर नहीं ले जाने दिया तो कारिडोर पर चढ़ गए और जाम लगाते हुए देहरादून से आने वाले वाहनों को रोक दिया। लगभग आठ-दस मिनट बाद ही पुलिस ने लाठियां भाजते हुए भीड़ को खदेड़कर वाहन संचालन शुरू कराया। दोपहर लगभग 1 बजे श्मशान घाट में चंद्रपाल के शव का अंतिम संस्कार हुआ।

बाद में पीड़ित परिवार से शोक संवेदना व्यक्त करने और उन्हें सांत्वना देने के लिए **स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप, पूर्व मंत्री मांगेराम कश्यप, सामाजिक न्याय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कश्यप पार्टी** नेताओ सहित पहुंचे।

**पूर्व मंत्री हाजी तराबुद्दीन व एमएलसी किरणपाल कश्यप समाजवादी पार्टी** भी पहुँच परिवार को दिलासा दी व एसडीएम बड़ौत से मिलकर, अपने लेटर हेड पर पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता के लिए भी पत्र लिखौ। 31 मई को **महर्षि कश्यप एकता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कश्यप** व पदाधिकारियो को पुलिस ने बागपत जनपद में घुसते ही हिरासत में ले बड़ौत थाने ले आयी, लगभग दो घंटे बाद छोड़ा गया। अभी भी तमाम लोगो का आना जारी है। सुरक्षा की दृष्टि को ध्यान में रखते हुए गांव में पुलिस पीएसी बल तैनात है।

# बुलेट से पटाखा जैसी आवाज निकालने सहित विभिन्न धाराओं के तहत 22 हजार रुपये का चालान

**अंजू देवी, सोनीपत।** खरखौदा में यातायात नियमों की अनदेखी कर बाइक से पटाखे जैसी आवाज निकालना एक युवक को महंगा पड़ गया। ट्रैफिक यूनिट ने विशेष अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर बुलेट बाइक को जब्त कर लिया और चालक का करीब 22 हजार रुपये का चालान किया।

रविवार को ट्रैफिक पुलिस प्रभारी राजेश कुमार की अगुवाई में यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित कराने के लिए जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक बुलेट बाइक पर तीन युवक बैठकर आते दिखे। जांच के दौरान चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन की आरसी उपलब्ध नहीं थी। वहीं चालक और पीछे बैठे सवारों ने हेलमेट भी नहीं पहन रखा था। बाइक के साइलेंसर से पटाखे जैसी तेज आवाज निकल रही थी, जिससे ध्वनि प्रदूषण फैल रहा था और आम लोगों को परेशानी हो रही थी।

पुलिस ने मौके पर ही वाहन की जांच कर विभिन्न यातायात नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए बाइक को इंपाउंड कर दिया। चालक के खिलाफ बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बिना आरसी, हेलमेट न पहनने, ट्रिपल राइडिंग तथा बुलेट से पटाखा जैसी आवाज निकालने सहित विभिन्न धाराओं के तहत करीब 22 हजार रुपये का चालान किया गया।

ट्रैफिक प्रभारी राजेश ने वाहन चालकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें, आवश्यक दस्तावेज साथ रखें और वाहन में किसी प्रकार का अवैध संशोधन न कराएं, ताकि सड़क दुर्घटनाओं और प्रदूषण पर अंकुश लगाया जा सके।

### सुचना

**मैंने अपने पुत्र लक्ष्मण कश्यप LAKSHMAN KASHYAP का नाम बदलकर आकाश कश्यप रख दिया है। भविष्य में आकाश कश्यप LAKSHMAN KASHYAP के नाम से जाना जाये व सभी दस्तावेजों (आर्मी/आधार कार्ड/जन्म प्रमाण पत्र आदि) में भी दर्ज किया जाये। सुभाष चंद पुत्र श्री जगदीश प्रसाद, निवासी बाजिदपुर तहसील बड़ौत (बागपत)**

# वजीरपुरा और सैनीपुरा स्थित सरकारी विद्यालयों में विशेष मरम्मत कार्यों के निर्देश

**अंजू देवी, सोनीपत/गोहाना।** मौलिक शिक्षा विभाग के अधीक्षक ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी कर गांव वजीरपुरा और सैनीपुरा स्थित सरकारी विद्यालयों में विशेष मरम्मत कार्यों के लिए फिजिबल रिपोर्ट और ले-आउट तत्काल प्रभाव से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। दो दिन पहले पत्र जारी करके स्थानीय अधिकारियों से दोनों विद्यालयों की वर्तमान स्थिति का आकलन कर आवश्यक मरम्मत कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई। रिपोर्ट मिलने के बाद मरम्मत कार्यों की रूपरेखा तैयार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गोहाना में आयोजित विकास एवं धन्यवाद रैली के दौरान क्षेत्र के लोगों की मांग पर गांव वजीरपुरा के राजकीय माध्यमिक विद्यालय और गांव सैनीपुरा के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में विशेष मरम्मत करवाने की घोषणा की थी। इसी घोषणा के अनुरूप अब शिक्षा विभाग ने प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए संबंधित अधिकारियों से आवश्यक दस्तावेज और तकनीकी रिपोर्ट मांगी गई है।

वजीरपुरा के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में कक्षों के साथ भवन के आवश्यक मरम्मत कार्य किए जाएंगे, जबकि सैनीपुरा के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में भी भवन की स्थिति के अनुसार विशेष मरम्मत कराई जाएगी। इसके लिए दोनों विद्यालयों का निरीक्षण कर प्रस्ताव तैयार किया जाएगा।

ग्रामीणों के अनुसार लंबे समय से विद्यालयों में मरम्मत की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद अब मरम्मत कार्यों का रास्ता साफ होने जा रहा है।


# भाजपा ने गरीबो को हमेशा धोखा दिया, गरीबो के आरक्षण में दबंगो को शामिल कर गरीबो का पिछले 26 वर्षो से मार दिया, आओ बागपत लोकसभा को भाजपा मुक्त करे

# बागपत लोकसभा की जनता जनार्दन आशीर्वाद दे तो एक बार फिर 2029 में निर्दलीय चुनाव लडूंगा



निवेदक-

## सुभाष चंद कश्यप

पूर्व सांसद प्रत्याशी बागपत लोकसभा 2014 निर्दलीय, 7906984078

पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी वार्ड नंबर 11 जनपद बागपत-2015

राष्ट्रीय महासचिव श्रीराम बाजपेई स्काउट गाइड एसोसिएशन ऑफ इंडिया

पता- कस्बा खेकड़ा जनपद बागपत उत्तर प्रदेश -250101

## सम्पादकीय.....

# क्या वास्तव में मोदी सरकार एक वर्ष में चली जाएगी ?

## नेता प्रतिपक्ष राहुल ने एक प्रकार से भविष्यवाणी की है कि मोदी सरकार एक वर्ष में सत्ता से बाहर हो जाएगी।

क्या वास्तव में मोदी सरकार एक वर्ष में चली जाएगी? नेता प्रतिपक्ष राहुल ने एक प्रकार से भविष्यवाणी की है कि मोदी सरकार एक वर्ष में सत्ता से बाहर हो जाएगी। दोस्तो शायद देश में एक लहर सी चल पड़ी कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी जो कहते वही हो जाता है। अब एक वर्ष में मोदी सरकार जाने की बात कही है। देखना यह होगा कि मोदी सरकार एक वर्ष में जाती है या नहीं जाती है।

कुछ लोग कह रहे है कि राहुल गांधी द्वारा की गई एक साल में मोदी सरकार के गिरने की भविष्यवाणी वर्तमान राजनीतिक और संसदीय गणित के लिहाज से अव्यावहारिक और असंभव प्रतीत होती है। राहुल गांधी ने हाल ही में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की बैठक में यह दावा किया था। उनके इस दावे और इसकी जमीनी हकीकत के बिलकुल विपरीत लगती है।

राहुल गांधी के अनुसार, देश में बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, और आर्थिक असंतोष जैसे मुद्दों से जनता में भारी नाराजगी है। उनका मानना है कि इन्हीं जनविरोधी नीतियों और जनाक्रोश के कारण एक साल के भीतर मोदी सरकार सत्ता से बाहर हो जाएगी। संसदीय और राजनीतिक गणित- वर्तमान में एनडीए के पास लोकसभा में पूर्ण बहुमत है। कोई बड़ा राजनीतिक उलटफेर या घटक दलों का समर्थन वापस नहीं होता तब तक संख्या बल पर सरकार को गिराना संभव नहीं है।

भारतीय जनता पार्टी ने इस बयान को सिरे से खारिज कर दिया। भाजपा नेताओं का आरोप है कि इस तरह के बयान हताशा का परिणाम हैं और यह देश में अराजकता व अस्थिरता फैलाने की एक सोची-समझी साजिश हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राहुल गांधी का यह बयान एक राजनीतिक दबाव बनाने, कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने और जन-मुद्दों को हवा देने के लिए दिया गया एक रणनीतिक बयान है। यह भी जानकारी में आया है कि उ.प्र. से मोदी सरकार को सत्ता से बाहर करने के लिए कांग्रेस का आंदोलन संभल से शुरू हो सकता है।

# युवाओं का हुनर सिर्फ कागजों में निखारा जा रहा था

**नितिन कुमार सिंह, बागपत।** कैसे देश की तरक्की होगी? युवाओं का हुनर सिर्फ कागजों में निखारा जा रहा था। पोल खुली तो उप्र कौशल विकास मिशन के निदेशक ने छह कंपनियां को तीन साल के लिए ब्लैकलिस्ट कर नौ केंद्रों को बंद करने का आदेश दिया है। एमएसआइ मैनेजर को बर्खास्त कर फर्जीवाड़े के खिलाफ कड़ा संदेश दिया है।

डीएम अस्मिता लाल से रिपोर्ट मिलने पर उप्र कौशल विकास मिशन लखनऊ के निदेशक पुलकित खरे ने नौ कौशल विकास केंद्रों का संचालन करने वाली कंपनियां भारतीय महिला कल्याण एवं युवा शोध संस्थान, नक्श वेंचर प्रा. लिमिटेट, मिशन आफ स्किल फाउंडेशन, टेक मैच वेल्यूअर एलएलपी, आर्यभट एजुकेशन रिसर्च एवं विकास समिति, जनचेतना युवा क्लब को तीन साल यानी वर्ष 2028-29 तक ब्लैकलिस्ट कर दिया है। इनके द्वारा संचालित सभी केंद्रों को तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश जारी किया है।

निदेशक ने प्रमुख सचिव व्यवसायिक शिक्षा, मंडलायुक्त, डीएम और सीडीओ को भेजे पत्र में एमएसआइ मैनेजर कन्हैया लाल को उनके स्थान पर नए कार्मिक की तैनाती की कार्रवाई का आदेश जारी किया है। मिशन निदेशक ने केंद्रों के शिथिल पर्यवेक्षण पर जिला समन्वयक एवं आइटीआइ खेकड़ा के प्रधानाचार्य पर उनके विभाग के निदेशक को नियमानुसार कार्रवाई करने की संस्तुति की।

कौशल विकास मिशन के निदेशक पुलकित खरे ने डीएम द्वारा केंद्रों का निरीक्षण कराकर रिपोर्ट भेजने की कार्रवाई की सरहाना की है, जिसके आधार पर निदेशक ने यह कार्रवाई की है।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह को तो खेड़ा इस्लामपुर के कौशल विकास केंद्र पर 100 में 98 छात्र-छात्राएं नदारद मिले थे। पद से हटाए गए आउटसोर्स के एमएसआइ मैनेजर कन्हैया लाल ने कहा कि उनका कोई दोष नहीं है।

# 43 ग्राम पंचायत सचिवों का तबादला

**नितिन कुमार सिंह, बागपत।** 43 ग्राम पंचायत सचिवों का तबादला कर दिया गया है। इनमें 18 ग्राम विकास अधिकारियों की तबादला सूची जारी हो गई, लेकिन 25 ग्राम पंचायत अधिकारियों की सूची को डीपीआरओ ने शनिवार देर शाम तक सार्वजनिक नहीं की।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि 43 ग्राम पंचायत सचिवों का तबादला किया गया। ग्राम विकास अधिकाीर हरिओम त्यागी को ब्लाक खेकड़ा से बागपत, प्रदीप कुमार को खेकड़ा से बड़ौत, विजित तोमर को खेकड़ा से पिलाना, इंद्रजीत सिंह को खेकड़ा से बड़ौत, अजित कुमार को खेकड़ा से बड़ौत, संजीत कुमार को बड़ौत से बिनौली तबादला किया गया है।

ग्राम विकास अधिकारी अवनीश कुमार का बड़ौत से बिनौली, दीपा रानी का बड़ौत से बिनौली, राहुल कुमार का बड़ौत से खेकड़ा, भूपेंद्र सिंह का बड़ौत से बिनौली, डा. प्रेम कुमार का बड़ौत से बागपत, कु. शैंकी का बड़ौत से पिलाना, दिनेश कुमार का पिलाना से बागपत, रविंद्र कुमार का पिलाना से खेकड़ा, सुनील कुमार सिंह का बागपत से खेकड़ा, शानमोहम्मद का बागपत से छपरौली तबादला हुआ है। ग्राम विकास अधिकारी संदीप दहिया का बागपत से बड़ौत, सुनील बंसल का बागपत से बड़ौत ब्लाक में तबादला किया गया।

इनमें कई ग्राम विकास अधिकारी तो ऐसे हैं जो सालों से एक ही जगह डटे हुए थे। जिला पंचायत राज अधिकारी रमेश चंद्र गुप्ता ने 25 ग्राम पंचायत अधिकारियों का तबादला किया मगर देर रात नौ बजे तक भी सूची को सार्वजनिक नहीं किया है। रातभर सूची को अपने पास रखने का उद्देश्य क्या है। ऐसे सवाल कई कर्मचारी उठाते रहे।

केशरी दर्पण समाचार पत्र के ऑनलाइन पत्रकार बने।
www.kesharidarpan.com
पर रजिस्टर/लॉगिन करे।
KD www.kesharidarpan.com सम्पादक सुभाष चंद 9837749557

# फॉर्म लेडी महिला किसान मंजू कश्यप को विधुत विभाग के ट्राँफार्मर के तालाब में होने के कारण, मत्स्य विभाग जलाशय में मछली पालन करने में हो रही समस्या







विधुत विभाग का ट्राँफार्मर जिससे समस्या हो रही, मंजू कश्यप के काम की सराहना प्रधानमंत्री भी कर चुके

**पिंकी कश्यप, गाजियाबाद।** फॉर्म लेडी महिला किसान मंजू रानी कश्यप निवासी ग्राम दुहाई जनपद गाजियाबाद ने जिलाधिकारी जनपद गाजियाबाद को एक शिकायती पत्र लिखते हुए निवेदन किया कि उन्हें मार्च 2025 में मत्स्य विभाग से सौदा जलाशय जिला से क्षेत्रफल 4.221 हेक्टेयर का आवंटन किया गया था।

मंजू रानी कश्यप ने बताया कि सौदा जलाशय के ऊपर से 11000 वाट की पावर लाइन जा रही है जिससे कभी भी कोई भी जान माल की हानि हो सकती है। अगर कोई दुर्घटना हो जाये तो सभी अपना पल्ला झाड़ लेते है। तब जिम्मेदारी लेने के लिए कोई तैयार नहीं होता। कई बार पावर लाइन हटवाने के लिए अधिशासी अभियंता पश्चिमांचल विधुत विभाग से भी मत्स्य विभाग और अन्य कई विभागों ने भी आग्रह किया लेकिन अभी तक भी 11 000 वाट की पावर लाइन विधुत विभाग ने नहीं हटाई।

मंजू रानी कश्यप ने जिलाधिकारी सहित कई विभागो मांग की है कि जल्द से जल्द 11000 वाट पावर लाइन जलाशय से हटाई जाए। जिससे किसी जान माल की हानि से बचा जा सके और वह अपना कार्य अच्छे से कर, सरकार द्वारा जलाशय आवंटन पैसा दे सके।

बतादे कि शहरी क्षेत्र की महिलाओं की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर हासिल करना काफी चुनौती पूर्ण होता है. गाजियाबाद के दुहाई गांव की रहने वाली मंजू कश्यप ने तमाम मुश्किलों को पीछे छोड़ते हुए खुद का आजीविका का साधन स्थापित किया.साथ ही महिलाओं के लिए एक रोल मॉडल भी बनकर दिखाया।

फॉर्म लेडी के नाम से मशहूर- गाजियाबाद में मंजू रानी कश्यप को फॉर्म लेडी के नाम से जाना जाता है। देश के प्रधानमंत्री तक मंजू रानी कश्यप की फार्मिंग का लोहा मान चुके है। खेती की नई तकनीक का इस्तेमाल कर मंजू हर किसी का मॉडल बन, हर साल लाखों रुपये भी कमा रही है।

दुहाई गांव में करीब 25 बीघे के तालाब में मछली पालन, सिंघाड़े समेत कई सब्जियां और फलों की खेती करती हैं। मंजू का प्रयास है कि वह खेती का नया मॉडल स्थापित कर सके। कृषि विज्ञान केंद्र गाजियाबाद से उन्होंने ट्रेनिंग प्राप्त की है।

विश्व मत्स्य दिवस पर लखनऊ में प्रदेश के मिनिस्ट्री ऑफ़ फिशरीज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मत्स्य मंत्री संजय निषाद ने मंजू रानी कश्यप को सम्मानित किया था. दिल्ली के पूसा संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में मंजू कश्यप को आमंत्रित किया गया था। जहां मंजू ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की थी।

मंजू रानी कश्यप के काम की सराहना देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी भी कर चुके हैं।

मत्स्य आधारित एकीकृत खेती पद्धति मॉडल को लेकर आज वही महिला किसान जिसका प्रधानमंत्री तक लोहा मान चुके है। विधुत विभाग के एक ट्राँफार्मर के तालाब में होने के कारण, मत्स्य विभाग जलाशय में मछली पालन करने में समस्या हो रही है।

नोटः पत्र में छपे लेख, लेखकों के निजी विचार है, सम्पादक का इनसे सहमत होना अनिवार्य नहीं है। आप स्वयं जांच करें। किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र बागपत होगा।

RNI. No. UPHIN/2010/36806, मालिक, मुद्रक, प्रकाशक सुभाष चन्द ने इण्डियन प्रेस, राजेन्द्र नगर, मेरठ से छपवाकर कार्यालय ग्राम वाजिदपुर, पोस्ट तहसील बडौत, जिला बागपत से प्रकाशित किया। सम्पादकः सुभाष चन्द, मो. 9837749557, प्रबन्धक सम्पादकः राजवीर सिंह , (किसी भी विवाद के लिए बागपत न्यायालय मान्य)